भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1198
दिनांक 11 फरवरी, 2025 के लिए प्रश्न

पशुधन के लिए टीकाकरण लक्ष्य

1198. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीरः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी चौथी समिति रिपोर्ट ने पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचऔरडीसी) के अंतर्गत टीकाकरण लक्ष्य पूरा न होने का विषय उठाया था; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) जी हां।

(ख) पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी), मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एफएमडी, ब्रुसेलोसिस, पीपीआर और सीएसएफ संबंधी टीकाकरण कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित बनाने के लिए निम्नलिखित कार्रवाई की गई है:

क. सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) के तहत एफएमडी, ब्रुसेलोसिस, पेस्टे डेस पेटिट्स रूमीनेंट्स (पीपीआर) और क्लासिकल स्वाइन ज्वर (सीएसएफ) संबंधी टीकाकरण को 100% केन्द्रीय सहायता के तहत कवर किया जाता है।

ख. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक (जनवरी, 2025) एफएमडी, ब्रुसेलोसिस, पीपीआर और सीएसएफ के लिए क्रमशः 107.34 करोड़, 4.39 करोड़, 20,40 करोड़ और 0.67 करोड़ टीके लगाए गए हैं। अंतिम एफएमडी-चरण IV टीकाकरण पूरा हो चुका है, जिसमें 96% से अधिक टीकाकरण कवरेज (24.84 करोड़) किया गया है। इसके अलावा, एफएमडी चरण V और VI विभिन्न राज्यों में चल रहे हैं, जिनमें क्रमशः लगभग 14.89 करोड़ और 2.29 करोड़ टीकाकरण किए गए हैं।

ग. टीकाकरण कार्यक्रम का कवरेज प्रतिशत बढ़ा है, और एफएमडी, ब्रुसेलोसिस, पीपीआर और सीएसएफ के लिए गुणवत्ता परीक्षण किए गए टीकों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करके अंतराल को कम किया गया है।

घ. राज्य की प्राथमिकता वाले विदेशी, आकस्मिक और जूनोटिक पशु रोगों के नियंत्रण के लिए केंद्र और राज्य के बीच 60:40; पर्वतीय और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 100% निधियन पैटर्न के साथ पशु रोग नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (एएससीएडी)। जनवरी, 2025 तक देश में लम्पी त्वचा रोग के लिए कुल 27.21 करोड़ से अधिक गोपशुओं का टीकाकरण/पुनः टीकाकरण किया जा चुका है।

ङ. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-राष्ट्रीय खुरपका और मुंहपका रोग संस्थान (एनआईएफएमडी)-भुवनेश्वर, आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई)-बरेली, आईसीएआर-आईवीआरआई-बेंगलुरु, आईसीएआर-राष्ट्रीय पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान और रोग सूचना विज्ञान संस्थान (निवेदी)-बेंगलुरु और चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान-बागपत को एफएमडी से संबंधित कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

च. ईयर-टैग वाले पशुओं के पंजीकरण और टीकाकरण से संबंधित डेटा भारत पशुधन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।

कार्यक्रम के तहत अंतर को कम करते हुये कुल टीकाकरण निष्पादन अनुबंध-I में दिया गया है।

अनुबंध-I

	एफएमडी चरण-IV में टीका लगाए गए पशु	एफएमडी चरण-V में टीका लगाए गए पशु (जारी)	एफएमडी चरण-VI में टीका लगाए गए पशु (जारी)	ब्रूसेलोसिस के लिए टीका लगाए गए पशु	पीपीआर चरण- I के लिए टीका लगाए गए पशु	पीपीआर चरण-II के लिए टीका लगाए गए पशु	सीएसएफ चरण-I के लिए टीका लगाए गए पशु	सीएसएफ चरण-II के लिए टीका लगाए गए पशु
कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण संबंधी स्थायी समिति की चौथी रिपोर्ट में उल्लिखित टीकाकरण की प्रगति	21,13,30,176	5,35,73,039	उल्लेख नहीं किया गया	4,23,46,856	15,19,38,427	2,17,66,205	49,05,771	10,85,612
वर्तमान स्थिति	24,84,36,177	14,88,63,831	2,29,21,706	4,38,86,128	16,57,04,186	3,82,66,375	51,41,962	15,08,624